सीएम की स्कूलों के एडमिशन फॉर्म से जाति का कॉलम हटाने की शानदार पहल

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-पालमपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा स्कूलों के एडमिशन फॉर्म से जाति का कॉलम हटाने की यह पहल सामाजिक समानता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। ये उद्गार सर्व समाज जनहित मंच के अध्यक्ष भुवनेश सूद ने व्यक्त किए हैं। उन्होंने अब स्कूलों के एडमिशन के दौरान जाति का कॉलम न होने का स्वागत किया है।

उनका कहना है कि सरकार का ये कदम एक अच्छी पहल को दर्शाता है। सरकार का उद्देश्य बच्चों के मन में जाति के आधार पर किसी भी प्रकार की हीन भावना पैदा होने से रोकना है। बच्चे की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसकी प्रतिभा, मेहनत और काबिलियत से होनी चाहिए। अब वक्त आ गया है कि हम सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां हर बच्चे को समान अवसर और सम्मान मिले तथा जातपात के भेद से ऊपर उठकर देश को ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि आरक्षण व्यवस्था का लाभ वास्तव में जरूरतमंद और वंचित लोगों तक पहुंचे। इसके लिए आरक्षण के दायरे में क्रीमी लेयर की व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी विचार किया जाना अति आवश्यक है, ताकि पात्र और जरूरतमंद परिवारों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

आज राखी के दिन भी पहुंचेगी डाक

दूरदराज से पहुंची राखियां भी समय रहते भेजेंगे, छुट्टी के बावजूद भी जारी रहेगा वितरण

सिटी रिपोर्टर-धर्मशाला

गुड न्यूज

आज रक्षाबंधन के त्योहार पर बहनों की राखियां भाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश भर में डाक विभाग अपनी जिम्मेदारी बखूबी से निभा रहा है। पिछले कल गुरुवार तक प्रदेश में करीब 95 से 98 फीसदी राखी मेल की डिलीवरी पूरी हो चुकी थी, जबकि बाकी राखियों को भी आज शुक्रवार यानी रक्षाबंधन के दिन गंतव्य तक पहुंचाने का काम लगातार जारी है। विभाग की कोशिश है कि कोई भी राखी समय पर पहुंचने से न छूटे। आज खास बात यह रहेगी कि सभी सरकारी विभागों की छुट्टी होने के बावजूद डाक विभाग राखी की डिलीवरी में जुटा रहेगा। डाक कर्मचारी आज छुट्टी के दिन भी राखियों को प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाने का काम जारी रखेगा। वहीं इस बार प्रदेशभर में राखी मेल के लिए उपलब्ध करवाए गए करीब एक लाख स्पेशल कवर इस्तेमाल हो चुके हैं। इसके अलावा लोगों ने अपने कवर में भी बड़ी संख्या में राखियां बुक करवाईं। इससे राखी मेल की वास्तविक संख्या और अधिक रही।

राखी के त्योहार पर डाक विभाग निभाएगा जिम्मेदारी

आज रक्षाबंधन के दिन भी डाक विभाग के कर्मचारी डिलीवरी में जुटे हुए हैं। विभाग का प्रयास है कि दूरदराज से अंतिम समय में पहुंची राखियां भी भाई की कलाई तक पहुंचें। छुट्टी के दिन डाक विभाग की यह सक्रियता उन बहनों के लिए राहत बनी है, जिन्होंने अपने भाइयों के लिए राखियां डाक के जरिए भेजी हैं।

आज छुट्टी के दिन भी नहीं रुकेगी डिलीवरी

धर्मशाला हेड पोस्ट ऑफिस के एसपी रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन सरकारी अवकाश होने के बावजूद डाक विभाग की ओर से राखियों की डिलीवरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में गुरुवार तक करीब 95 से 98 फीसदी राखियां पहुंचाई जा चुकी थीं और शेष राखियों की डिलीवरी आज शुक्रवार को पूरी करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज रक्षाबंधन के दिन भी दूरदराज के क्षेत्रों से राखियां धर्मशाला डाकघर पहुंच रही हैं। ऐसी राखियों को भी बिना देरी किए संबंधित गंतव्य के लिए रवाना किया जा रहा है।

एक नजर....

वेद-उपनिषद से गीता तक, छात्रों ने की चर्चा

कांगड़ा। एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के संस्कृत विभाग की ओर से संस्कृत सप्ताह के तहत विद्यार्थियों के लिए चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों से अवगत करवाया गया। संस्कृत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अरुणदीप शर्मा ने वेद-उपनिषद, सांख्य एवं योग दर्शन, श्रीमद्भगवद्गीता, रामायण, महाभारत, पुराण और आयुर्वेद जैसे विषयों पर विद्यार्थियों से चर्चा की। विद्यार्थियों ने भी प्रश्न पूछकर सक्रिय सहभागिता की। गीता के कर्मयोग, भारतीय दर्शन और प्राचीन ज्ञान-विज्ञान की वर्तमान प्रासंगिकता पर भी विचार साझा किए गए। प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति, दर्शन, साहित्य और ज्ञान-विज्ञान की समृद्ध परंपरा की महत्वपूर्ण संवाहक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी ज्ञान-परंपरा से जोड़ने में सहायक हैं।

अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में सजी रचनात्मक प्रतियोगिताए

शाहपुर। अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने रंगों, मोतियों, रिबन और सजावटी सामग्री से आकर्षक राखियां तैयार कीं। कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों ने बिना आग के विभिन्न स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। विद्यार्थियों ने व्यंजनों की सजावट और प्रस्तुतीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया। उप प्रधानाचार्या रविंदा कुमारी ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, टीमवर्क, व्यावहारिक कौशल विकसित करती हैं।

कांगड़ा स्कूल में बच्चों ने सजाईं रंग-बिरंगी राखियां

कांगड़ा। महर्षि विद्या मंदिर कांगड़ा में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में विशेष गतिविधि आयोजित की गई। प्रधानाचार्या पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगों और सजावटी सामग्री से सुंदर राखियां बनाईं। प्रधानाचार्या ने बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व से अवगत करवाते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, स्नेह, विश्वास और आपसी सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है।

घोषणाओं की राजनीति से जनता ऊब चुकी

धर्मशाला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनय शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल की जनता अब घोषणाओं और योजनाओं के नाम बदलने की राजनीति से ऊब चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को 1500 रुपये मासिक देने के पुराने वादे के बाद अब 'अपना परिवार सुखी परिवार' योजना के नाम से फिर घोषणा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पात्र परिवारों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की भी बात कही है। शर्मा ने सवाल उठाया कि नई योजना नया लाभ है या पुराने वादे को नए नाम से दोहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 में जनता सरकार से महिलाओं को मिले लाभ, रोजगार और राहत का पूरा हिसाब मांगेगी।

शपथ-पत्र

हमां कि निशा कुमारी आयु 34 वर्ष पत्नी राजेन्द्र कुमार व श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र काली दास निवासी मूमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. के स्थाई निवासी हैं यह कि हम निम्नलिखित ब्यान करते हैं-

1. यह कि मेरे पहले पति श्री सुरिन्द्र कुमार पुत्र प्रेम चंद निवासी गांव व डाकघर सपडुल, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. जिससे उपरांत सुरिन्द्र कुमार से एक लड़का पैदा हुआ। जिसका नाम अभिषेक है और जिसकी जन्म तिथि 16-08-2014 है।
2. यह कि मेरी शादी पहले श्री सुरिन्द्र कुमार पुत्र प्रेम चंद निवासी गांव व डाकघर सपडुल तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. के साथ हुई थी। उसके बाद मेरा Family Court at Dharamshala }kjk Registration No. 207/2023 Filing No. 2460/2022, CNR No. HPKA01-0047712022 HMA Petition No. 870-D/111/2022/19 Order Date 13-05- 2023 }kjk rykd (Divorce) gks pgdk gSA
3. यह कि तलाक होने के उपरान्त मैनें राजेन्द्र कुमार पुत्र काली दास निवासी मूमता तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. से शादी कर ली है तथा उपरोक्त बच्चे को हम गोद लेना चाहते हैं। परन्तु सुरिन्द्र कुमार जो कि मेरे पहले पति हैं उसका कहीं भी अता पता न है। इसलिए हम 30 सितम्बर 2026 को गोद-पत्र लिखवा रहे हैं अतः किसी को भी इस गोद पत्र से एतराज हो तब इस दिनांक को तहसील नगरोटा बगवां में आकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। न आने की सूरत में इनका गोद पत्र दर्ज कर दिया जाएगा।
3 यह कि यह शपथ-पत्र बिना किसी मानसिक दवाब से लिखा है।

शपथकर्ता

हमां कि उपरोक्त हल्फन व ब्यान करते हैं कि ऊपर लिखित जानकारी हमारी जाति व ईलम से सही व दुरुस्त है।

शपथकर्ता
निशा कुमारी

एक नजर....

दिल्ली में नड्डा से मिले भाजपा नेता संजय गुलेरिया

नगरोटा सूरियां। भाजपा नेता एवं समाजसेवी संजय गुलेरिया ने दिल्ली में पूर्व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने बताया कि नड्डा पूरी तरह स्वस्थ हैं और अब ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। संजय गुलेरिया ने नड्डा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान संगठनात्मक एवं विभिन्न विषयों पर लंबी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि नड्डा के मार्गदर्शन से उन्हें आगे कार्य करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश मिले हैं।

मणिमहेश यात्रा को समर्पित शिव भजन हुआ रिलीज

शाहपुर। भाजपा नेता एवं भाजपा जनजाति मोर्चा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश महामंत्री कमल कुमार शर्मा के नए शिव भजन 'शिव रैंदे उच्चयां कैलाशां' को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली में रिलीज किया। इस अवसर पर भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेगी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अनुराग ठाकुर ने भजन की सराहना करते हुए कमल कुमार शर्मा को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भजन पवित्र मणिमहेश यात्रा को समर्पित है और शिव भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। कमल कुमार शर्मा ने बताया कि इससे पहले उन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राम भजन प्रस्तुत किया था।

महंगाई की मार से बिगड़ा घर का बजट, जनता में रोष

नगरोटा सूरियां। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आम लोगों का कहना है कि चीनी, प्याज, आलू सहित रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ने से घर का बजट बिगड़ गया है। महिलाओं का कहना है कि सीमित आय में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने कहा कि राजनीतिक मुद्दों के बजाय सरकारों को महंगाई पर नियंत्रण, युवाओं को रोजगार, सस्ती शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। बेरोजगारी और रोजगार से जुड़ी समस्याओं को लेकर युवा वर्ग में भी चिंता बढ़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि महंगाई और ऑनलाइन खरीदारी के बढ़ते चलन से छोटे कारोबार पर असर पड़ रहा है। जनता ने सरकारों से मांग की है कि आम लोगों से जुड़े मुद्दों पर ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

रविता भारद्वाज ने जेपी नड्डा से की मुलाकात

बैजनाथ। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रविता भारद्वाज ने नई दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने नड्डा के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। मुलाकात के दौरान हिमाचल के राजनीतिक परिदृश्य, संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर भी चर्चा हुई। रविता भारद्वाज ने कहा कि नड्डा का मार्गदर्शन और अनुभव संगठन के लिए हमेशा प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

संस्कृत दिवस पर ढलियारा कालेज में प्रतिभाओं की धूम

ढलियारा। राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में संस्कृत दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने काव्य-पाठ, भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। काव्य-पाठ में अहेमलता प्रथम, रिद्धिमा द्वितीय और आकांक्षा तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में माही ने पहला, रितिका ने दूसरा और गीता ने तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में अदिति प्रथम, विमलेश द्वितीय और आंशिक तृतीय रहीं। प्राचार्य प्रो. सुशील भारद्वाज ने कहा कि संस्कृत भारत की समृद्ध बौद्धिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत की आधारशिला है। प्रो. अरविंद रत्न ने संस्कृत की वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए नई पीढ़ी से भाषा और संस्कृति की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

देश-विदेश के रोटेरियंस को जोड़ेंगे वाईआर बख्शी

पालमपुर। रोटरी क्लब धौलाधार पालमपुर के रोटेरियन वाईआर बख्शी को रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए रोटरी फेंडशिप एक्सचेंज का डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल सिंघल ने की है। बख्शी को रोटरी मैत्री आदान-प्रदान के आयोजन और समन्वय का लंबा अनुभव है। उन्होंने 2020-21 और 2023-24 में इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। उनके प्रयासों से डिस्ट्रिक्ट 3070 का मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा से जुड़े रोटरी डिस्ट्रिक्टों के साथ मैत्री आदान-प्रदान हुआ। नई जिम्मेदारी के तहत बख्शी क्लबों को मैत्री आदान-प्रदान से जोड़ने, देश-विदेश के रोटेरियंस से संपर्क स्थापित करने और पार्टनर डिस्ट्रिक्ट तलाशने का कार्य करेंगे। उन्होंने नियुक्ति के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का आभार जताते हुए जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाने की बात कही।

हरिपुर थाने में हर्षोल्लास से मनाया रक्षा बंधन

भटेहड़बासा। रक्षा बंधन के अवसर पर एकल अभियान की ओर से पुलिस थाना हरिपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एकल अभियान की बहनों ने थाने में तैनात पुलिस जवानों की कलाई पर राखियां बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना की। पुलिस कर्मियों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान भाई-बहन के प्रेम और आपसी विश्वास का संदेश दिया गया।

महंगाई ने बढ़ाई मुश्किल, पीएम आवास की मदद बढ़ाने की पैरवी

स्टाफ रिपोर्टर-गरली

हिमाचल में बढ़ती निर्माण लागत के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत मिलने वाली सहायता राशि बढ़ाने की मांग विधानसभा में उठी है। जसवां-प्रागपुर के विधायक एवं पूर्व मंत्री विक्रम सिंह ठाकुर ने सदन में संकल्प प्रस्तुत कर योजना के तहत सहायता राशि बढ़ाकर 3 लाख 63 हजार रुपये करने की पैरवी की। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य से जुड़ी महत्वपूर्ण योजना है। पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण सामग्री और मजदूरी के साथ परिवहन लागत भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में मौजूदा सहायता राशि से गरीब परिवारों के लिए सुरक्षित और टिकाऊ मकान बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने सदन में निर्माण सामग्री की मौजूदा कीमतों का हवाला देते हुए कहा कि सीमेंट करीब 380 से 450 रुपये प्रति बोरी, ईंटें 7,000 से 9,000 रुपये प्रति हजार, सरिया करीब 60 हजार रुपये प्रति टन और मजदूरी 450 से 600 रुपये प्रतिदिन तक पहुंच गई है। इसके अलावा दूरदराज के पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण सामग्री पहुंचाने पर अतिरिक्त परिवहन खर्च वहन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत मकान स्वीकृत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पात्र परिवारों को उसे पूरा करने के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता भी मिलनी चाहिए।

हिमकेयर योजना का लाभ नहीं मिलने से हो रही मरीजों की मौतें

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला

कांगड़ा जिला के पालमपुर में पैसों के अभाव और इलाज न मिलने के कारण हुई एक मरीज की दुखद मृत्यु के बाद पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलाह के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे महज मौत नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही से हुई 'हत्या' करार दिया है। विपिन सिंह परमार ने गहरा शोक और रोष व्यक्त करते हुए कहा कि केवल डेढ़ लाख या पचास हजार रुपये जैसे मामूली बजट के अभाव में प्रदेश के बेबस लोग तड़प-तड़प कर मरने को मजबूर हैं, जबकि मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये खर्च करके प्राइम लोकेशन्स पर अपने बड़े-बड़े विज्ञापनों और 'व्यवस्था परिवर्तन' के पोस्टरों में मुस्कुरा रहे हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमकेयर और सहारा जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं इसी उद्देश्य से शुरू की गई थीं। जिससे आपातकाल के समय लोगों को निजी व सरकारी अस्पतालों में समय पर और कैशलेस इलाज मिल सके। अकसर मरीजों को मेडिकल कॉलेजों तक पहुंचने में समय लगता है, ऐसे में निजी अस्पतालों में समय पर उपचार मिलना जीवन बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। लेकिन वर्तमान सरकार ने इन लोकप्रिय योजनाओं को ठप कर दिया है।

'खेलो इंडिया संवाद' में खिलाड़ियों से सांसद राजीव भारद्वाज ने किया संवाद

जिला संवाददाता-कांगड़ा

निफ्ट संस्थान में आयोजित 'खेलो इंडिया संवाद' कार्यक्रम में कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से संवाद कर खेलों को बढ़ावा देने को लेकर सरकार का विजन साझा किया। सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर हिमाचल का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों और युवाओं से बातचीत की। इस दौरान खेल, राष्ट्रभक्ति और नशे के खिलाफ युवाओं की भूमिका पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों और युवाओं से मिले सुझावों एवं विचारों को संसद में रखा जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और 'मेरा युवा भारत' का आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. राजीव भारद्वाज ने प्रदेश सरकार के लॉटरी संबंधी फैसले का विरोध भी किया। उन्होंने कहा कि राजस्व जुटाने के नाम पर जुए को बढ़ावा देना उचित नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस निर्णय को वापस लेने और राजस्व जुटाने के लिए अन्य उचित संसाधन तलाशने की मांग की। सांसद ने नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा पर भी दुख जताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने सांसद को राखी बांधी

कांगड़ा। प्रधानमंत्री मोदी खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत कांगड़ा निफ्ट संस्थान में कांगड़ा चंबा के सांसद डाक्टर राजीव भारद्वाज द्वारा अध्यक्षता की जिसमें खेलों के प्रति युवाओं को प्रोत्साहन वह प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रदेश महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष रंजू रस्तोगी, जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, महामंत्री बबीता संधू, जिला परिषद अध्यक्ष सीमा चौधरी, जिला महामंत्री देवेंद्र कोहली, सुनेजा चौधरी, उपाध्यक्ष आशा कुमारी, महिला मोर्चा की कांगड़ा की अध्यक्ष शिखा चौधरी अथवा दोनों मंडलों के अध्यक्ष रंजीत चौधरी और अशोक कुमार, विजय ठाकुर, महामंत्री महिला मोर्चा की महामंत्री सुधा त्रिवेदी, मंडल महामंत्री चंपा भारद्वाज इस कार्यक्रम के बाद महिला मोर्चा कांगड़ा ने सांसद डा. राजीव भारद्वाज जी को राखी बांधकर शुभकामनाएं दी

सूरज छिपा, सोलर लाइटें जलीं, वाहन भी लाइटों के सहारे

पंचरुखी। सुबह होते ही क्षेत्र घने कोहरे की चादर में लिपट गया। कोहरे के कारण अंधेरा छाया रहा और सोलर लाइटें भी काफी देर तक जलती रहीं। कम दृश्यता के चलते वाहन चालकों को लाइट जलाकर सफर करना पड़ा। धुंध इतनी घनी थी कि कुछ दूरी तक भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। मौसम के लगातार बदलते मिजाज से लोग परेशान हैं। ठंड और कोहरे के कारण नजला-जुकाम जैसी मौसमी समस्याएं बढ़ने लगी हैं। घने कोहरे के चलते सुबह सैर पर निकले कई लोग वापस लौट गए। आसमान में सूरज भी कोहरे की मोटी चादर के पीछे छिपा रहा।

समाजसेवा | जनसेवा में जुटी रणजीत बख्शी सभा, शिक्षा से स्वास्थ्य तक सेवा का विस्तार

जनसेवा के छह साल, 6.50 करोड़ से बदली तस्वीर

कार्यालय संवाददाता-नूरपुर

रणजीत बख्शी जनकल्याण सभा समाज के कल्याण और उत्थान के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य करती रहेगी। यह बात सभा के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अकिल बख्शी ने नूरपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। अकिल बख्शी ने बताया कि संस्था पिछले छह वर्षों से शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, खेल, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इन छह वर्षों के दौरान संस्था की ओर से जनकल्याणकारी कार्यों पर करीब 6.50 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि

शिक्षा के क्षेत्र में संस्था वर्तमान में करीब 50 छात्राओं की पढ़ाई का खर्च वहन कर रही है। प्रदेश सरकार की 'अपना विद्यालय' योजना के तहत संस्था ने भोल ठाकरा स्कूल को गोद लिया है। यहां करीब 12.50 लाख रुपये की लागत से दो कमरों का निर्माण करवाया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से एक एंबुलेंस संचालित की जा रही है, जो नो-प्रॉफिट, नो-लॉस के आधार पर सेवा दे रही है। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं की मृत्यु की स्थिति तथा बीपीएल परिवारों को एंबुलेंस की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में 250 सोलर लाइटें वितरित की गई हैं। वहीं, 150 यूथ क्लबों को स्पोर्ट्स किट भी वितरित की जा चुकी हैं।

265 महिला मंडलों को बांटी सिलाई मशीनें

महिला सशक्तिकरण के संबंध में अकिल बख्शी ने बताया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर और कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे पाठ्यक्रम करवाए जा रहे हैं। अब तक विधानसभा क्षेत्र के 265 पंजीकृत महिला मंडलों को सिलाई मशीनें, गद्दे, टेंट और कुर्सियां वितरित की जा चुकी हैं।

दी मनेड कृषि सेवा सहकारी सभा समिति सीमित गांव मनेड, डा. चैतड़, तह. धर्मशाला जिला कांगड़ा हि.प्र.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दी मनेड कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित गांव मनेड व डा. चैतड़, तह. धर्मशाला, जिला कांगड़ा में सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं धर्मशाला के कार्यालय आदेश द्वारा स्थान मनेड सभा कार्यालय में संलग्न किए गए चुनाव कार्यक्रम अनुसार होना तय हुआ है।

अपैंडिक्स ए

क्रमांक	विवरण	दिनांक	समय
1.	सदस्यों को चुनाव बारे सूचना जारी करना	22.08.2026	12:00 PM
2.	पंजीकरण अधिकारी द्वारा अनुमोदित मतदाता सूची का प्रकाशन	01.09.2026	3:00 PM
3.	मतदाता सूची अवलोकनार्थ उपलब्ध	01.09.2026 to 15.09.2026	10:00 AM to 3:00 PM
4.	मतदाता सूची पर आपत्तियां	16,17,18.09.2026	10:00 AM to 3:00 PM
5.	मतदाता सूची पर आपत्तियों की सुनवाई व निर्णय पंजीकरण अधिकारी द्वारा	19.09.2026	10:00 AM to 3:00 PM
6.	पंजीकरण अधिकारी द्वारा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन	21.09.2026	After 4:00 PM
7.	निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की प्राप्ति	05,06,07.10.2026	10:00 AM to 3:00 PM
8.	निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों की जांच	08.10.2026	10:00 AM to 3:00 PM
9.	निर्वाचन अधिकारी द्वारा सूची का प्रकाशन	08.10.2026	After 3:00 PM
10.	निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों पर आपत्तियों की प्राप्ति	09.10.2026	10:00 AM to 3:00 PM
11.	निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन पत्रों पर आपत्तियों की सुनवाई व निर्णय	10.10.2026	After 3:00 PM
12.	नामांकन पत्रों की वापसी	11.10.2026	10:00 AM to 3:00 PM
13.	निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनाव चिन्ह आबंटन व उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन	11.10.2026	After 3:00 PM
14.	निर्वाचन की तिथि	21.10.2026	10:00 AM to 3:00 PM
15.	निर्वाचन परिणामों की घोषणा	21.10.2026	3:00 PM

चुनाव संबंधी समस्त प्रक्रिया सभा के कार्यालय से संपादित की जाए।

पंजीकरण अधिकारी

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालयः एससीओ 19, द्वितीय तल, डी-ब्लॉक, रणजीत एवेन्यू, अमृतसर, ई-मेलः recovery.amritsar@bankofbaroda.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के लिए बिक्री सूचना ''अनुलग्नक-II-ए/IV-ए'' [नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) एवं 9 के प्रावधान को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन चल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणी, मोर्टगेजर एवं गारंटरों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/प्रभारित निम्न वर्णित चल/अचल संपत्तियों का बैंक ऑफ बड़ौदा, सिक्योर्ड क्रेडिटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी निम्न वर्णित खातों में बैंक की बकाया देय राशि की वसूली हेतु ''जैसा है, जहां है, जो है जैसा है तथा जहां है जैसा के आधार'' पर बिक्री की जाएगी। ऋणी, मोर्टगेजर और गारंटर/सिक्योर्ड परिसंपत्तियों/देय/आरक्षित कीमत/ईएमडी/बोली वृद्धि राशि एवं ई-नीलामी की तिथि एवं समय का विवरण निम्नानुसार है:-

ईएमडी भुगतान की विधिः एनईएफटी	शाखा/एनपीए खाते का नाम एवं पता अचल संपत्ति का विवरण कब्जे की स्थिति (संरचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तिथि / कुल देय राशि	ई-नीलामी की तिथि / ई-नीलामी का समय / प्रारंभिक समय से अंतिम समय	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय
पठानकोट मेन शाखा	कार्यालय सब-रजिस्ट्रार इंदौरा के समक्ष पंजीकृत, पंजीकृत लीज विलेख बियरिंग दस्तावेज सं. 1204/2022 के अनुसार मेसर्स कैची मेकर्स (Catchy Makers) के नाम में इसके प्रोपराईटर श्री मुनीश कुमार पुत्र श्री देस राज के माध्यम से गांव मलोट की राजस्व संपदा, हदबस्त सं. 20, औद्योगिक क्षेत्र कंदरोड़ी, तहसील इंदौरा, ज